469. राजस्थान में ब्रिटिशों ने शासक हरवक्शपाल सिंह के साथ कहाँ पर संधि की?

(a) सिरोही (b) बूँदी
(c) बीकानेर (d) करौली

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (d) : लॉर्ड हेस्टिंग्स के आदेश पर चार्ल्स मैटकॉफ ने सहायक संधि किया था। प्रथम संधि 9 नवम्बर, 1817 को यहाँ के शासक हरबक्शपाल सिंह के साथ करौली में की गई थी।

470. करौली राज्य और अंग्रेजों के मध्य संधि कब की गई?

(a) नवम्बर, 9,1817 (b) दिसम्बर 9, 1818
(c) जनवरी 9, 1818 (d) दिसम्बर 9, 1817

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (a) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

471. राजपूताना की निम्नलिखित रियासतों ने 1817-1818 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि पर हस्ताक्षर किये–

1. कोटा 2. जोधपुर
3. करौली 4. उदयपुर

निम्न में से कौन सा अनुक्रम, कालक्रमानुसार सही है?

(a) 3 1 2 4
(b) 4 3 2 1
(c) 2 1 3 4
(d) 1 2 3 4

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (a) : राजपूताना रियासतों के 1817-18 ई. में ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ संधि पर हस्ताक्षर करने का सही कालक्रम है– करौली (9 नवम्बर, 1817), कोटा (26 दिसम्बर, 1817), जोधपुर (6 जनवरी, 1818), उदयपुर (13 जनवरी, 1818)। 1817-18 ई. में राजपूत राज्यों के साथ संधियों को करने के लिए लार्ड हेस्टिंग्स ने दिल्ली के रेजीडेन्ट चार्ल्स मेटकॉफ को नियुक्त किया था।

472. सबसे पहले निम्न में से किस राज्य ने ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ सहायक गठबंधन (संधि) किया?

(a) कोटा (b) करौली
(c) जोधपुर (d) उदयपुर

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या

473. राजपूत राज्यों से संधि करने वाला अंग्रेजों के तरफ से अधिकारी कौन था?

(a) मेटकॉफ
(b) कर्नल टॉड
(c) आक्टरलोनी
(d) माउंटस्टुआर्ट इल्फिस्टोन

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020

Ans. (a) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

474. 'देश-हितेषणी सभा' .... को स्थापित की गई थी–

(a) 2 जुलाई, 1867 (b) 2 जुलाई, 1880
(c) 2 जुलाई, 1870 (d) 2 जुलाई, 1877

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (d) : 'देश हितैषणी सभा' का गठन 2 जुलाई, 1877 को उदयपुर में महाराजा सज्जन सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इसका उद्देश्य राजपूतों की वैवाहिक समस्याओं को सुलझाना था।

475. 1818 में अंग्रेजों के साथ संधियों पर हस्ताक्षर करने वाला जयपुर राज्य का शासक कौन था?

(a) महाराजा मान सिंह (b) महाराणा भीम सिंह
(c) राव विष्णु सिंह (d) सवाई जगत सिंह

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (d) : जयपुर की स्थापना 1727 ई. में महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने की थी। सवाई जगत सिंह 1803 ई. में जयपुर राज्य का शासक बना। जगत सिंह ने 1818 में अंग्रेजों के साथ एक सुरक्षात्मक सन्धि पर हस्ताक्षर किया और अंग्रेजों की अधीनता स्वीकार कर ली।

476. 'चेम्बर ऑफ प्रिंसेज' का प्रथम चांसलर कौन था-

(a) महाराव भीमसिंह (b) करणी सिंह
(c) गजसिंह (d) गंगासिंह

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (d) – भारतीय राजवाड़ों की मांगों को देखते हुए मांटेग्यू चेम्सफोर्ड रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया था कि भारतीय नरेशों की स्थायी परिषद होनी चाहिए। फलतः 1921 ई. में चैम्बर ऑफ प्रिंसेज (नरेन्द्र मंडल) की स्थापना की गयी। यह एक परामर्शदात्री संस्था थी। इसके प्रथम चांसलर बीकानेर रियासत के महाराजा गंगासिंह थे। अधिकतर बड़ी रियासतों के इसमें शामिल न होने से यह मध्यमवर्गीय रियासतों की संख्या बनकर रह गयी।

477. मेवाड़ एवं अंग्रेजों के मध्य संधि पर हस्ताक्षर किए गये थे-

(a) 8 मार्च, 1818 (b) 12 जनवरी, 1818
(c) 10 मार्च, 1817 (d) 10 मार्च, 1818

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (*) – मेवाड़ के महाराणा भीमसिंह ने 13 जनवरी, 1818 ई. को ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ सहायक संधि की। इस संधि पर मेवाड़ की ओर से ठाकुर अजीतसिंह चूड़ावत तथा अंग्रेजों की ओर से चार्ल्स मेटकॉफ ने हस्ताक्षर किये। 1818 से 1821 ई. तक मेवाड़ का शासन कर्नल जेम्स टॉड के हाथों में रहा। 1828 ई. में महाराणा भीमसिंह की मृत्यु हो गयी।

478. भरतपुर एवं अलवर ने ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधियाँ की थीं-

(a) सितम्बर-नवम्बर, 1803 में
(b) अगस्त-अक्टूबर, 1804 में
(c) जनवरी-फरवरी, 1804 में
(d) मार्च-मई, 1806 में

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (a) – राजस्थान में सर्वप्रथम भरतपुर राज्य के महाराजा रणजीतसिंह के साथ 29 सितम्बर 1803 को लार्ड वेलेजली ने सहायक संधि की। इसके बाद ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी ने अलवर राज्य के साथ 14 नवम्बर, 1803 ई. को वहां के शासक बख्तावर सिंह के साथ संधि की। इस संधि के तहत कम्पनी ने अलवर राज्य का पृथक अस्तित्व स्वीकार करके अलवर के आंतरिक प्रशासन में हस्तक्षेप न करने का वचन दिया। अलवर प्रथम राज्य था जिसने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ विस्तृत रक्षात्मक एवं आक्रामक संधि की थी।